# नीतियां सरल कीं, अफसर निवेशकों को लाभ दिलाएं

## विभागों की समीक्षा में सीएम ने दिए निर्देश

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अधिकारी उद्योगों की स्थापना के लिए पूरी रुचि लेकर कार्य करें। उद्योगों के लिए नीति का सरलीकरण किया गया है। आवश्यकता इस बात की है कि निवेशकों को सभी सुविधाएं सुलभ कराई जाएं। उद्योगों की स्थापना के लिए अधिक से अधिक प्रोत्साहन दिए जाएं।



मुख्यमंत्री मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर एक उच्चस्तरीय बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास में औद्योगिक निवेश का विशेष महत्व है। इससे जहां विकास होता है, वहीं लोगों को रोजगार भी मिलता है। ऐसे में उद्योगों की स्थापना के लिए रुचि से काम किए जाने की जरूरत है।

बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव आरके तिवारी, औद्योगिक एवं अवस्थापना आयुक्त आलोक टंडन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**गोआश्रय स्थलों को बनाएं आय का केंद्र :** मुख्यमंत्री ने गोआश्रय स्थलों को आय का केंद्र बनाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए किसानों को सीएनजी उत्पादन, गोबर के दीप निर्माण तथा अन्य आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने की आवश्यकता है। उन्होंने धान क्रय केन्द्रों पर किसानों को सभी सुविधाएं मुहैया कराने और समय से भुगतान कराने को कहा है। उन्होंने नगर विकास विभाग को अमृत मिशन तथा स्मार्ट सिटी योजनाओं की समीक्षा करने तथा इससे जुड़े विकास कार्य पूरी गुणवत्ता व समयबद्धता के साथ पूरा करने का निर्देश दिया है।

## पोलियो वैक्सीन की तर्ज पर कोरोना वैक्सीन के लिए कोल्डचेन तैयार करें

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोरोना वैक्सीन कोल्ड चेन को पल्स पोलियो वैक्सीन के लिए बनाई गई कोल्ड चेन की तर्ज पर तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि कोरोना वैक्सीन के लिए स्थापित किए जा रहे स्टोरेज सेंटर्स की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। मुख्यमंत्री मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। सीएम ने कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए पूरी सतर्कता बरतने और लखनऊ, मेरठ, वाराणसी, कानपुर नगर, झांसी, गाजियाबाद तथा गोरखपुर जिलों में कोविड-19 के बेडों की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया है। वहीं, मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने कोरोना वैक्सीन के जिला व मंडल स्तर पर सुरक्षित ट्रांसपोर्टेशन एवं स्टोरेज के लिए एक्शन प्लान दो दिन में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने वैक्सीन लगाने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों के प्रशिक्षण का ट्रेनिंग प्रोग्राम भी कराने को कहा है।

## कोरोना संक्रमण की दर 1.08 प्रतिशत

लखनऊ। प्रदेश में कोरोना संक्रमण की दर में लगातार गिरावट आ रही है। 4 दिसंबर को संक्रमण दर 1.15 प्रतिशत थी, जो मंगलवार को गिरकर 1.08 प्रतिशत पहुंच गई। 4 दिन में 0.07 प्रतिशत की गिरावट को स्वास्थ्य विभाग सकारात्मक मान रहा है। वहीं, मंगलवार को पूरे प्रदेश में 1824 नए मरीज पाए गए हैं, जबकि 2111 डिस्चार्ज हुए हैं। 24 घंटे के अंदर 23 मरीजों की मौत हो गई।

## सरकारी हवाई पट्टियों से उड़ेंगे निजी फ्लाइंग क्लब के विमान

लखनऊ। प्रदेश की सरकारी हवाई पट्टियों से जल्द निजी फ्लाइंग क्लब के प्रशिक्षण विमान उड़ते नजर आएंगे। इसके लिए राज्य सरकार अपनी हवाई पट्टियों के उपयोग की नीति में जल्द बदलाव करने जा रही है। मंगलवार को अपने आवास पर इससे संबंधित नीति का प्रस्तुतीकरण देखने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उसे सैद्धांतिक मंजूरी दे दी। हालांकि उन्होंने इसमें कुछ सुधार के भी निर्देश दिए हैं मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सात एयरपोर्ट चालू हैं। कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट भी बन चुका है और 12 अन्य एयरपोर्ट का विकास किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 8 हवाई पट्टियां भी हैं। राज्य सरकार विमानन गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ ही इस क्षेत्र में कॅरिअर बनाने के इच्छुक युवाओं को बेहतरीन प्रशिक्षण के अवसर भी उपलब्ध कराएगी। नागरिक उड्डयन विभाग के निदेशक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के विभिन्न एयरपोर्ट पर सात निजी संस्थाओं द्वारा पायलट व विमानन अभियंता के कोर्स का संचालन किया जा रहा है। निजी संस्था को खुद ट्रेनिंग लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करना होगा। कार्यक्रम में मुख्य सचिव आरके तिवारी, अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री एवं नागरिक उड्डयन विभाग एसपी गोयल कई अधिकारी मौजूद थे। ब्यूरो